Of all the Mantras, the most powerful and most significant is GAYATRI MANTRA. It is one of the most recited and most quoted mantras wherein God's blessing for an inspired mind is prayed for. Since time immemorial, people have been praying to God for enlightenment. Of all the prayers, Gayatri Mantra, found in the Yajur Veda (36-3), is the most effective one. It is the cream of the Vedas; it is the wish-fulfilling tree of Paradise that can bring us all the ardently sought-after boons dear to the heart of every mortal–longevity, bodily strength, intellectual pre-eminence, genius, psychic powers and last but, not least, the glorious crown of human life, viz. the knowledge of Self. Gayatri Mantra is especially meant for God realization, as it gets us in touch with the Supreme Lord. This Mantra is meant for spiritual advancement.

According to Vedic seers, there neither was nor will be any Mantra superior to *Gayatri* Mantra. The literal meaning of the word *Gayatri* is : "Gayantam Trayati iti Gayatri", the prayer that protects the chanter. Gayatri Mantra, also known as Savitri Mantra, is a spiritual armour to guard the devotee against any harm and to bless him with the brilliant light of the highest spirit.

Savitri is the same as Gayatri, namely, the power invoked in the hymn to Savitar in the Rig Veda. According to the Vedas, the word Gayatri signifies the cosmic life-energy or the Kundalini. This sacred mantra is one's constant guide, support and strength. It is the *summum bonum* of life. Chanting of Gayatri mantra is chanting of all the Vedas. It is the gist of all the Vedas. Gayatri is the mother of all the Vedas and the destroyer of all sins. It removes *Kama* (desire), *Krodha* (anger), Lobha (greed), *Moha* (attachment), *Mada* (arrogance) and *Matsarya* (jealousy). It removes spiritual poverty and impediments and bestows *Moksha* (liberation). Gayatri Mantra is the mantra to purify our mind of all sins, evil thoughts and negative tendencies. It is the firm belief of the devotees that this Mantra destroys the effect of all sins and purifies the heart and the intellect. Gayatri Mantra is the essence of all mantras and provides the Sadhaka with all the means to live a clean, peaceful and secure life with the knowledge that part of the Supreme Soul resides in his body. Gayatri Mantra works for the purity of mind. A pure, clean and clear mind can take right decisions. Chanting of the holy mantra illumines our eyes and our mind. It illumines the self (atman), which lights up everything. The light is effulgent in the form of Chaitanya–consciousness. The mantra is an excellent prayer. The essential meaning of Gayatri Mantra is : "May the Lord brighten my mind and make me think properly, so that I take proper decisions." Life is a series of decisions. You are successful when you are in the right place at the right time to take the right decision.

The mantra produces freshness, vigour and poise of mind and intellect, and the feeling that God is our innermost reality and the source of intelligence and power. Its recitation gives strength, confidence, devotion, etc. and increases the power of concentration and memory. It generates spiritual potency.

A Brahmin has to undergo the purificatory process of *Upanayanam* Ceremony (investiture with sacred thread / *yajnopavita*) ideally at the age of 7 years. He becomes DVIJA (twice-born). He is taught to chant Gayatri Mantra by the spiritual master (Guru) in the presence of parents and relatives. One though born as Brahmin may not be honoured as a Brahmin unless he is sanctified by Gayatri. *Upanayanam* ceremony is meant to give the qualification for the study of the Vedas to acquire sacred wisdom. By this ritual the boy is formally initiated into the Brahmacharya Ashram, which is the period of studentship. From the time of *upnayanam* till the last moment / or adopting the glorious state of *Sanyasa* (monkhood), Gayatri mantra is his constant guide, support and strength.

Japa of Gayatri Mantra helps to eliminate spiritual poverty and turns all sins to cinders. All mantras are rooted in Gayatri. Atri Maharishi has affirmed that a sadhaka who recites the Gayatri Mantra 1,110 times every day is not touched by sin. He has to chant it three times every day–at dawn, midday and dusk. The Brahmachari and the house-holder should recite this holy mantra at least 110 times : if that is not possible, they must recite it at least 28 times. It is said in the *Ramayana* of Valmiki that even Shri Rama used to chant Gayatri Mantra daily. Gayatri mantra can be chanted by all men and women of all ages, especially at dawn, when the sun rises in splendour, and at dusk, when it sets. For chanting this divine mantra, it is necessary to have clean surroundings and a clean seat. This helps one to concentrate on the purport of the Mantra. The holy and auspicious Gayatri Mantra given in the Yajur Veda (36-3) is :

"OM BHUR BHUVAH SVAH TAT SAVITUR VARENYAM

BHARGO DEVASYA DHIMAHI DHIYO YO NAH PRACHODAYAT".

The mantra starts with *Om*, an invocation to God to come to us, and ends with the prayer to enlighten our intellect. The full meaning of the Mantra would be :

"We meditate upon the glory of the Divine Being, who permeate and illumines the three worlds, who has created the universe, and who is worthy to be worshipped. May He awaken and guide our understanding and enlighten our intellect."

Lord Krishna says in the *Geeta* (Verse-35 of X chapter) : "*Gayatri Chhandasam aham*". Among poetic metres I am the Gayatri. The votary must observe absolute physical cleanliness and maintain mental purity.

The single mantra chanted regularly with devotion, firm dedication and faith, confidence and peace of mind, is sure to lead the *sadhaka* (aspirant) to the pinnacles of spiritual consciousness i.e. to divine enlightenment, power, peace and bliss.

# शुद्धविद्या

## भगवान गोपीनाथजी ट्रस्ट

# हिन्दी भाग

प्रकाशक : एम० के तिक्कू

सम्पादक: प्रो० आर० एल० ऐमा
सह–सम्पादक – प्रो० सी० एल० कौल

वर्ष 8 | अंक : 2 | सितम्बर 2013

**इस अंक में**

सम्पादकीय

# अपनी बात

"शुद्ध विद्या" का वर्ष 2013 का द्वितीय अंक सहृदय सुधी पाठकों और भक्तजनों की सेवा में प्रस्तुत है।

एक व्यक्ति जब आध्यात्मिक साधना और सत्य–सन्धान के पथ पर चलने के लिए प्रस्तुत होकर स्वेच्छा से किसी पथ–प्रदर्शक की महता स्वीकार कर उसके व्यक्तित्व से चमत्कृत होकर उससे जुड़ जाता है तो यही समझा जाता है कि गुरु–कृपा से वह उनके शिष्य वर्ग में सम्मिलित हो गया है, साधना के अगले स्तर तक पहुँचने में उसके शिष्यत्व की विशिष्टता बहुत महत्व पूर्ण बन जाती है, और यही उसके आध्यात्मिक जीवन का आधार भूत तत्व बन जाता है। शिष्यत्व की इस पराकाष्ठा की प्राप्ति के लिए हृदय की शुद्धता और विचारों और कर्मों की निर्मलता अपेक्षित हैं।

'गुरु–शिष्य' अथवा यूँ कहें कि 'स्वामी–भक्त' सम्बन्ध वास्तव में अलौकिक–आध्यात्मिक प्रेम का दूसरा रूप होता है, इस दृष्टिकोण से ऐसा प्रेम साधक के जीवन में अत्यन्त महत्वपूर्ण बन बाता है। ऐसा विशुद्ध और निःस्वार्थ प्रेम सामान्य जीवन में अनुभूत दूसरे प्रकार के प्रेम से नितान्त भिन्न होता है। साँसारिक प्रेम में "ब्रह्म–तत्व–अचेतन" जब कि 'गुरु–शिष्य' प्रेम में प्रधान केन्द्र "परमात्म–चेतन" है और दूसरा केन्द्र ऐसी चेतना से हीन होता है।

वस्तुतः इस अखण्ड ब्रह्माण्ड में व्याप्त एक–एक जीवात्मा में परमात्म तत्व समाहित है पर आध्यात्मिक गुरु सरीखे कुछेक ही ऐसे परम तथ्य से अवगत होते हैं। साँसारिक्ता में ही रमणशीन व्यक्ति बहुधा इस रहस्य से अनभिज्ञ रहना चाहते हैं कि,

"...................................................................

कृमि–कीट–भस्म–विष्टा–दुर्गन्ध–मल मूत्रकं।
"श्लेषमा–रक्त–वसा चर्म तत क्षेत्रं च वरानने,
देहाभिमानिनो मूढाः पतन्ति नरकार्णवे।"

सद्गुरु की अघट–घटन–पटीयसी अनुकम्पा का पात्र तभी बना जा सकता है जब उनपर अटल विश्वास और निश्छल प्रेम हो। ऐसे प्रेम का स्थान सर्वोपरि होता है। विश्वास की गहराई से ही एक 'साधक–शिष्य अपने सद्गुरु को अभिभूत कर सकता है। यह उसकी अग्नि परीक्षा है। हाँ, विश्वास के ऐसे उच्चस्तर तक पहुँचने में अनेक बाधाओं और परीक्षाओं से गुज़रना पड़ता है, पर फलस्वरूप जो प्राप्त होता है वह अनमोल है। यह सद्गुरु पर अटल अडिग विश्वास ही होता है जिससे उनके प्रति सर्वतोभावेन आत्म समर्पण की प्रेरणा

मिलती है। सद्गुरु तो आध्यात्मिकता का स्रोत है। "साधक–शिष्य" को 'स्व–स्वरूप' पहचानने के लिए इसी अलौकिक स्रोत का सहारा लेना होता है। ऐसी स्थिति में कहीं संशयात्मक होने की कोई गुँजाइश नहीं रहती है। गुरु पर विश्वास और उनके प्रति प्रेम का प्रकटीकरण अनेक रूपों में हो सकता है, पर सभी रूपों की आधार भूत वास्तविकता एक ही है।

इस संदर्भ में यह कहना असमीचीन नहीं होगा कि ऊपरोक्त सद्गुरु कृपा प्राप्ति के लिए अनिवार्य विश्वास की गहराई और प्रेम की निर्मलता के विविध रूपों के जाति–गत सम्यक् दर्शन "भगवान जी" के देश व्यापी आश्रमों और साधना केन्द्रों में होते हैं, यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि "भगवान–चेतना" को और अधिक विस्तृत पटल पर उजागर करने के लिए हमारा युवा वर्ग सराहनीय ढंग से कार्यरत है, भगवान जी का वरद हस्त उनपर सदैव बना रहे।

"शुद्ध–विद्या" ने जिस जातिगत आध्यात्मिक और साँस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण रखते हुए इसे बढ़ावा देने का संकल्प लिया है उसमें समस्त समाज की सहायता और सहयोग पूर्व–वत बना रहे – यही भगवानजी से प्रार्थना है, एवमस्तु!

– सी० एल० कौल

'शुद्धविद्या' का यह अंक पाठकों में कर–कमलों में पहुँचने से पूर्व इसमें सम्मिलित करने के लिए विपुल सामग्री में अनेक संशोधन करने की आवश्यकता पड़ती है। इसमें छापने के लिए सामग्री का स्तर इस पत्रिका की गरिमा के अनुरूप बनाने के लिए सम्पादको को कितना परिश्रम करना पड़ता है, इससे प्रायः सभी लेखक परिचित नहीं है। बबजी की कृपा से यह दुस्साध्य कार्य सहज ही सम्पन्न होता है, यह कम आश्चर्य का विषय नहीं। विस्तृत अनुभव के धनी कश्मीरी प्रभाग के वरिष्ट सम्पादक श्री पृथ्वीनाथ कौल 'सायिल' कई आलेख स्वयं अपने हाथों से सुलेख में लिखकर कम्प्यूटर–विशेषज्ञ के लिए कार्य को सहज बनाने में कोई संकोच नहीं करते। स्वयं एक प्रतिष्ठत भक्त–कवि होने के नाते, अनेक लेखको के भक्ति–भाव को सुष्ठु अभिव्यक्ति प्रदान करने की ज़िम्मेदारी उनकी स्वयं–स्वीकृत है, उनके पथ–प्रदर्शन में भक्त–कवियों की संख्या बढ़ रही है। अंग्रेजी प्रभाग में सम्मिलित लेखों की वैचारिक भूमिका और चिन्तन के आयाम सहज ही 'बब भगवान' के कृपा–बिन्दु हैं और हमारे समाज को अभिशिक्त करने का कार्य करते हैं।

– मुख्य सम्पादक

# ललद्यद – सच या आख्यान

डॉ० ब्रज 'प्रेमी के मूल उर्दू लेख का
डॉ० पी० एन० त्रिछ़ल द्वारा हिन्दी अनुवाद।

तस पदमान पोरिचि लले
तमि गलि–गले अमृत चवो
शिव छ़ोरुन थलि–थले
त्युथ मे वर दितु दिवो —शेखुल आलम

(धन्य वह परदमानपुर की लल, उसने अमृत मुहभर पिया, शिव चहु ओर निहारा; हे देव वैसा ही वरदान मुझे दीजिए)।

छः सौ वर्ष पूर्व शेखुल–आलम जैसी शुद्ध अन्तःकरण वाली विभूति ने अरण्य के बीहड़ों और नागर चहल–पहल में घूमने वाली अपने आप से बेसुध, निर्वस्त्र एक पारिव्राजिका के सत्यान्वेषण की तीव्रता के प्रति अपना श्रद्धा–उपहार उपरिलिखित श्लोक (श्रुक) में प्रस्तुत किया था, जिसने अपनी आध्यात्मिक अनुभूतियों और अन्तस में विद्यमान प्रकाश को पहली बार एक अद्भुत और रसात्मक रीति से पद्यबद्ध किया था। यह रागिनी अद्वितीय संगीतात्मकता और सुगढ़ वचनावली की धीमी आँच में लिपटी हुई एक नितान्त नवीन रागिनी थी जिसने न केवल अपने युग के अपितु उस युग से लेकर आज तक के लोगों को बराबर उद्वेलित किया है। अपने बाह्य अस्तित्व के प्रति उदासीन और अपने वास्तविक इष्ट के विरह में तप्त यह देवी पद्मावती थी जिसने चौदहवीं शती के मध्य में जन्म लिया था और जिसे कश्मीर में लल्लेश्वरी या लल–द्यद के नाम से याद किया जाता है।

चौदहवी शताब्दी अपने गर्भ में कश्मीर के लिए पीड़ा और दौर्मनस्य लेके आई थी। इस शती के आरंभ से ही कई राजनीतिक और सामाजिक क्रान्तियाँ प्रकट हुईं जिनसे कश्मीर का इतिहास अत्याधिक प्रभावित हुआ। शाहमीर ने राजा उदयन देव की विधवा कोटा रानी को सिहंसन से हटाकर इस्लामी हकूमत का पहला पत्थर रखा। यह 1339ई० की बात है। इसी अवधि में मीर सय्यद अली हमदानी और इनके साथी कश्मीर आए। इनके आगमन से इस्लाम के प्रचार का काम आरंभ हुआ। शताब्दियों पुराने हिन्दू और बौद्ध सभ्यता के प्रभाव क्षीण होने लगे और वहाँ नई विचार–पद्धति का सूत्रपात हुआ। आरम्भ में बौद्ध धर्म और हिन्दुओं के त्रिकदर्शन से जीवन पद्धति निर्मित हुई थी उसका इस्लामी विचार धारा के साथ तीव्र संघर्ष हुआ। विचार धाराओं के विरोधी तत्त्वों ने यहाँ के निवासियों को एक अपूर्व द्वन्द्व में डाल दिया।

इस परिस्थिति में जन–साधारण के लिए उचित दिशा का निर्धारण करना कठिन था। एक ओर शताब्दियों पुराने विश्वास और परम्पराएँ थीं दूसरी ओर इस्लाम की नयी रोशनी थी। इस दो–राहे पर बड़े–बड़ों का साहस क्षीण हुआ और समय की गुहार थी कि इस संवेदनशील अवसर पर कोई पथ प्रदर्शक सामने आए जो अदृश्य के द्वार खोल कर पीड़ित और अशान्त ह्रदयों को धैर्य प्रदान करे। लोगों को अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी और कई सह्रदय सूफ़ी, सन्त, साधक, विरक्त और शुद्ध–पवित्र आत्माएँ इसी अवधि में सामने आईं और वे रहस्य जिनसे लोग आश्चर्यचकित थे समझ आने लगे। इन श्रेष्ठ पुरुषों ने अपने आचरण से लोगों के दिल जीत लिए और विश्वास और विचारों के संघर्ष की जो आग भड़क उठी थी उसे शनै–शनै बुझा दिया। इस युग की अस्थिरता का वर्णन करते हुए बाम्ज़ई लिखते हैं:–

"धार्मिक उलझनों के उस युग में धर्म को समझाने की ऐसी प्रणाली की आवश्यकता थी जो सब जातियों का संतुलन कर सके और तर्क की उपेक्षा संवेदनात्मक प्रभाव डाल सके। कश्मीर की धार्मिक और दार्शनिक परम्परा इस स्थिति में उपयुक्त सिद्ध हुई। कई सूफ़ी और संत सामने आये जो अपने उपदेशों और विरक्तिपूर्ण जीवन यापन के कारण धर्म और सदाचार के साकार प्रतिमान थे। इन लोगों की प्रथम पंक्ति में महान् योगिनी लल्लेश्वरी थीं जिनको सामान्यतः ललद्यद कहा जाता है।[2]

चौदहवीं शती के इस अत्यन्त अस्थिरता के युग में जब कश्मीर में शताब्दियों से प्रतिस्थापित एक व्यवस्थित शासनतन्त्र हिचकियाँ लेकर दम तोड़ रहा था और नयी व्यवस्था के स्वागत के लिए तत्पर था और एक प्राचीन धार्मिक चिन्तन उपेक्षाकृत नये धार्मिक विश्वासों के संग नवसृजन कर रहा था, ललद्यद कश्मीर के क्षितिज पर उदित हुई, और इस विशिष्टता के होते हुए भी कि उन्होंने अपनी वैचारिक प्रौढ़ता और अन्तस के तेज की ज्योति से सीधे मार्ग का निर्देश किया वह प्रायः ऐतिहासिक और उर्द्ध–ऐतिहासिक चर्चाओं में इतिहासकारों की असावधानी का निशाना बन गयी है; तदनुसार मुख्य इर्तिहासकारों ने और वार्ताकारों ने रहस्यात्मक मौन धारण करके ललद्यद के संबंध में संशय और दुविधा की संभावना पैदा कर दी है और इनके चारों ओर रहस्यमयत्ता का छायावृत्त बन गया है। यही कारण है कि इनके जीवन के अधिकतर प्रकरण दृष्टि से ओझल हैं। परन्तु इसके बावजूद ललद्यद का अस्तित्व निष्प्रमाण स्वतः सिद्ध है। वार्ताओं और इतिहासों में ललद्यद के संबंध में उपेक्षा का कारण

संभवतः प्रोफ़ेसर जयलाल कौल के कथानुसार यह हो सकता है कि वे ग्रन्थ आधुनिक अपेक्षाओं के अनुरूप इतिहास ग्रन्थ नहीं हैं और केवल सम्राटों या राजनीतिक घटनाओं का वर्णन हैं। तदनुसार जोनराज, श्रीवर, मलिक हैदर, प्रजा भट (प्राज्ञ भट) (?) बहारिस्तान–ए–शाही के लेखक और अन्य इतिहासकारों ने लल की कहीं चर्चा नहीं की, यद्यपि पश्चवर्ती इतिकासकारों में से ख़्वाजा अहमद दिद्दामरी, हसन कोहिहामी, बाबा दाऊद मश्काती आदि ने अपनी–अपनी योग्यता–अनुसार इस महान योगिनी के संबंध में विस्तार से लिखा है। लल्लेश्वरी की जन्म की तिथि पर्याप्त मतभेद का विषय रही है। इतिहासकार हसन ने यद्यपि अपने ग्रन्थ में लल की चर्चा विस्तार से की है और कई विवादपूर्ण समस्याओं की सम्भावनाओं को जन्म दिया, परन्तु वह भी इनकी जन्म तिथि ऐतिहासिक प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत नहीं कर सके हैं तदनुसार लिखते हैं:–

"सातवीं सदी हिजरी में सेमपुर गाँव के एक पंडित घराने में पैदा हुई, योमे विलादत (जन्मदिवस) और तारीख–ए–वफ़ात (निधन तिथि) का दुरुस्त पता नहीं।।"[3]

आर के पारिमू ने अपनी पुस्तक में लल की चर्चा करते हुए उनके जन्मकाल के सम्बन्ध में बड़े ही अस्पष्ट मार्ग का अनुसरण किया है, वे लिखते हैं:–

" वह (लल) पाँद्रेंठन में पैदा हुई। उसकी जन्म और मरण की तिथियों को निश्चित करना कठिन है। जब वह यैयद अली हमदानी (1380–1384 ई०) से मिलीं तो उस समय वह एक वयस्क नारी (रही) होंगी[4]" तथापि सूफ़ी ने अपने इतिहास 'कशीर' में लल की जन्म तिथि निश्चय पूर्वक यों लिखी हैं:–

"लल योगिनी 735 हि० तदानुसार 1335 ई० में उदयन देव के राज्यकाल में जन्मीं"[5].

अपने कथन के समर्थन में वह अब्दुल वहाब शायक़ का एक फ़ारसी शेर प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत करते हैं। शेर यूँ है:–

फ़ज़ून बूद बर हफ़्त सद सेहो पंज
ज़े वीरान–एं शुद पदीदार गंज

प्रेमनाथ बज़ाज़ सूफ़ी से सहमत नज़र आते हैं। इनके अनुसार भी लल्लेश्वरी का जन्म काल 1335 ई० है। इनके वर्णन पर ध्यान दीजिए:–

"लल 1335 में पैदा हुई जबकि उदयन देव सिंहासनस्थ था, और हिन्दूराज मृत्यु–शय्या पर वेदना से दम तोड़ रहा था"[6]

ख़्वाजा आज़म दिदामरी ने अपनी तारीख–ए–उज़्मा में लल के जन्म की चर्चा तो की है परन्तु निश्चित काल बताने में टाल मटोल किया है। वह केवल यह बता सके हैं कि लल का समय सुलतान शिहाबुद्दीन का

राज्यकाल था जिसकी शासनावधि का विस्तार 1354 ई० से 1373 ई० तक है। लल्लेश्वरी के साथ सुलतान के युवराज काल की एक भेंट की चर्चा यूँ की गयी है:—

''सुलतान शहाबुद्दीन पिसर—ए—सुलतान अलाउद्दीन बाद फ़ोत बुज़र्गवार ब—मशवरा अमरा—ए नामदार बर तख़्त निशस्त कि पेश अज़ जलूस—ए दर ज़माने पदर—ए आली मक़दार तरफ़—ए जंगले ब—तक़रीब—ए शिकार रफ़्तह बूद व अज़ मजज़ूब—ए कामिलह दु प्याल—ए शीर ख़ोरदह व बशारते सलतनत याफ़्तह बूद गोयन्द कि आँ मजज़ूबह लल आरिफ़ह अस्त''[7]

बाम्ज़ई का वर्णन आज़म दिदामरी के (वर्णन के) निकट प्रतीत होता है। वे अन्य इतिहासकारों से मतान्तर रखते हुए ललद्यद का जन्मकाल सुलतान अलाउद्दीन के शासनकाल में निश्चित करते हैं। तदानुसार लिखते हैं:—

''वह (लल) लगभग ख्रिस्ताब्द की चौदहवी शती के मध्य में सुलतान अलाउद्दीन के शासनकाल में पैदा हुई।।''[8]

यह बात ध्यान देने योग्य है कि सुलतान अलाउद्दीन का शासनकाल 1343 ई० से 1354 ई० रहा है। प्रोफ़ेसर जयलाल कौल ने इस विषय पर विस्तार से विचार किया है। अपने एक लेख में उन्होंने भी 13359 को लल का जन्म वर्ष बताया है, परन्तु अन्य स्थान पर वे स्वयं अपने कथन का खंडन करते हैं, देखिए:—

''लल द्यद का जन्म संवत् 1317 ई० और 1320 ई० के बीच किसी भी समय स्वीकार किया जा सकता है, इस से पूर्व भी हो सकता है परन्तु किसी प्रकार से भी 1320 के पश्चात नहीं''10

इस ऊहा—पोह के रहते ललद्यद के जन्म समय के संबंध में निश्चयात्मक निर्णय करना असम्भव है, यद्यपि यह बात निश्चित है कि लल ने चौदहवी शती के दूसरे या तीसरे दशक में जन्म लिया और यह समय राजा उदयन देव या उसके आस—पास का समय था। हिन्दू राज पतन की दशा में था। नयी शती के आरंभ से कई परिवर्तन हुए जिनके दूरगामी परिणाम निकले और जिन से कश्मीर का सारा इतिहास बदल गया। राजा सहदेव (1301—1320ई०) मध्य—एशिया के क़बाइली सरदार के आक्रमण से परास्त होकर देश से भाग खड़ा हुआ। रेंचन (1320—1323ई०), उदयन देव (1323—1338ई०) और कोटारानी (1338—1339ई०), के शासन नाम—मात्र प्रमाणित हुए और हिन्दू राज के प्रभाव—चिह्न धीरे—धीरे मिटने लगे। इस अवसर पर शाहमीर अपनी पूरी शक्ति और कूटनीति के साथ प्रकट हुआ और उसने

कोटारानी को सिंहासन से हटा कर शासन की बाग–डोर स्वयं संभाली और इस तरह इस्लामी शासन की नींव पड़ी। लल्लेश्वरी का जन्म काल लगभग यही समय है। इसके बाद वह काफ़ी लम्बी आयु तक जीवित रहीं और कईं मुसलमान शासकों का समय देखा।

लल वर्तमान श्रीनगर से कोई चार मील दूर पाँद्रेठन में पैदा हुई जिसको सम्राट अशोक ने राजधानी के रूप में निर्माण किया था और बहुत समय तक पुराण अधिष्ठान (प्राचीन नगर) के नाम से प्रसिद्ध था। उनके पिता का नाम चन्द्रभट था जो एक सम्पन्न कश्मीरी पंडित ज़मींदार थे। कई इतिहासकारों का विचार है कि वह पाम्पोर के समीप सेमपुर नाम के गाँव के निवासी थे। लल ने अपनी कुलपरम्परा के अनुसार आरंभिक शिक्षा घर पर प्राप्त की। कहा जाता है कि उनके कुलगुरु सिद्ध श्रीकंठ उपनाम सिद्धमोल एक सुप्रसिद्ध विद्वान ज्ञानी थे और उन्हें त्रिकदर्शन का आधिकारिक ज्ञान था। वे स्वयं भी एक योगी और शुद्धाचरण वाले पुण्यात्मा थे। लल ने धार्मिक और आध्यात्मिक आरंभिक दीक्षा इनसे ही ली। अपने गुरु की शिक्षा को लल ने विचक्षणता पूर्वक न केवल समझ लिया अपितु अत्यन्त गाम्भीर्य और मनोयोग से आत्मसात भी कर लिया। कालान्तर में जब लल की अन्तश्चेतना परिपक्व हुई और उनको ज्ञान और योग की अमूल्य सम्पत्ति प्राप्त हुई तो वह (सिद्ध मोल) अपने शिष्य को सिद्धि–चमत्कार और रहस्य और ज्ञान के प्रकाश को देख कर चकित रह गये। लल का विवाह अल्पायु में हुआ था। कहा जाता है कि वह अभी बारह वर्ष की भी नहीं हुई थीं कि इनका पाणि–ग्रहण पदमानपुर ( वर्तमान पाम्पोर) के एक ब्राह्मण पुत्र के साथ हुआ। यहाँ लल का नाम पद्मावती रखा गया। पद्मावती के लिए जीवन का यह मोड़ अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। बाल्यावस्था की अबोधता का समय बीत चुका था और वैवाहिक संबन्धों की ज़िमेदारियाँ अत्यन्त अल्पायु में आरंभ हुई। ससुराल ऐसा मिला जहाँ दूर–दूर तक सुख–शान्ति का निर्वाह भी न था। अविवाहित जीवन में जो सुख–शान्तिपूर्ण बचपन देखा था उसका सारा स्वाद, उसका सारा सौन्दर्य, उसकी सारी स्निग्धता ससुराल के तपते मरुस्थल में राख हो गयी। अपरिचित परिवेश, कर्कषा और निष्ठुर सास की क्रूरता, निर्दय और कठोर पति की अवहेलना और सबसे बढ़कर रूढ़ियों का बन्धन, पग–पग पर अवमानना, प्रतिक्षण उपेक्षा, बात–बात पर तानों का कसैला पर्यावरण यहां तक कि चरित्र पर शंकालु टिप्पणियाँ, अल्पायु की, एकान्त प्रिय, अन्तर की अज्ञात वेदना की सहज टीसों से

विह्वल पद्मावती उस असह्य परिस्थिति में घुटन अनुभव करने लगी परन्तु बचपन से जो सहनशीलता संयम और सत्कार का दहेज साथ ले आई थीं उसके सहारे ससुराल की उस झंझावात का सामना करने लगीं। सास के राक्षसी व्यवहार और पति की निर्लज्जता ने उसके क्लेश में वृद्धि की। वह अत्यन्त गुप्त रूप से उस अमानवीय व्यवहार को सहन करती रहीं। दिन भर के गृहस्थी के काम के उपरान्त पेट के लाले पड़ने लगे। थाली में भात से ढके हुए सिल मिले पर जिह्वा ने मौन साधा। ऐसी परिस्थिति में जब हमजोलियों ने हाल पूछा तो अनायास इतना कह सकीः—

हॉंड मॉर्यतन किनु, मार्यतन कठ,
ललि निलुवठ चलि नु ज़ांह।

(भेड़ काटे या काटे मेमना, लल से विदा न होग लोढ़ा)। परम्परा में आवृत्त अनगिनत कहानियाँ लल के जीवन से संबंधित हैं। कहा जाता है कि वह प्रतिदिन सवेरे नदी से पानी ले आती थीं और इसी बहाने थोड़ी देर के लिए मन्दिर चली जाती थीं और पूजा से निवृत्त होकर पानी का भरा हुआ मटका (घड़ा) नदी से ले आती थीं। एक दिन व्यग्र पति मार्ग में मिला और बहाना ढूंढ कर घड़े को छड़ी की चोट से तोड़ दिया। घड़ा टूट गया परन्तु जल पद्मावती के कन्धे पर जमा रहा, जो कुछ बूँदें धरती पर गिरीं उनमें से एक तड़ाग बना जो आज तक लल त्राग के नामसे प्रसिद्ध है और जिस में अभी वर्तमान के कुछ वर्षों तक जल विद्यमान था। इस घटना से न केवल लल का पति चकित रह गया अपतिु उनके रहस्यमयी व्यक्तित्व का जादू लोगों पर अंकित हो गया।

पद्मावती की सहनशीलता के सब बान्ध टूट गए, अन्तर की ज्वाला भड़क उठी, मिलन की आतुरता को हवा लग गयी और अपने अनदेखे पिया के विरह ने उन्मत्तता और वैराग्य के लिए पथ प्रशस्त किया। पद्मावती ने आवरण भेद कर ब्रह्म और सत्य के स्रोत का अन्वेषण अपना लक्ष्य बना लिया और यहीं से इनके जीवन की वास्तविक यात्रा आरंभ हुई। उस समय उनकी आयु लगभग पच्चीस वर्ष थी। इस घटना की ओर संकेत करते हुए प्रेमनाथ बज़ाज़ लिखते हैंः—

"उसके दाम्पत्य जीवन के अधिक वर्ष नहीं बीते थे अब लल ने अपने पारिवारिक संबंधो को त्याग कर मानवता के कुटुंब में सम्मिलित होने का निर्णय लिया। वह युवा थी, सम्भवतः उसकी आयु पच्चीस वर्ष से अधिक नहीं थी जब उसने गार्हस्थ्य बन्धनों को तोड़ कर सत्यान्वेषण आरंभ किया।"11

लल अपने जिस आराध्य की खोज में घर—द्वार छोड़कर उन्मत्तावस्था में घूमने लगीं उसकी प्रत्येक चेष्टा में वह रम गयी थीं

और उस की प्रीत की कसक को दीर्घकाल से अपने मन के गहन–कोष्ठों के द्वार खटखाते अनुभव किया था, बचपन में जो चिंगारी भड़क उठी थी वह अब ज्वाल बन चुकी थी, मन–मन्दिर की इस ज्योति का आभास उन्होंने एक बार इस प्रकार दिलाया :–

"आयस ति स्योंदुय गछ़ ति स्योंदुय
स्यॅदिस हॉल मे कर्यम क्याह
बु तस ऑसुस आगरय व्यॅज़ुय
वॅदिस तु वॅदिस कर्यम क्याह"

(आई मैं सरल मार्ग से सीधे पथ से ही चली जाऊँगी, बिगाड़ेगी क्या कुटिलता मुझ सरला का; परिचित मैं उसकी उद्गम से, परिचित भक्तिन का क्या बिगड़ेगा)

परन्तु फिर ऐसे में कभी–कभी उसे अपनी अपूर्णता का आभास होता रहा यद्यपि उसकी नस–नस में अपने वास्तविक आराध्य का प्यार रचा हुआ है और वह उसके प्रेम की दीवानी है लेकिन अपने में इतना सामर्थ्य नहीं पाती कि उस मन मोहिनी रूप का साक्षात करे। प्रिय के घर की यात्रा लम्बी है, जेब खाली है अपार सागर सामने पड़ा है इस कठिन और अथाह सागर को कैसे पार करे और अपने इष्ट से जा मिले! सामर्थ्य की इस कमी का आभास लल यूँ कराती है:–

आयस वते गॅयस न वते
सुमन स्वथि मंज़ लूसुम दोह
चन्दस वुछुम तु हार नु अते
नावि तारस दिमु क्याह बो

(सीधे रास्ते से चली आई, लेकिन वापसी का रास्ता भूल गई, नदी के किनारे तक आते–आते शाम ढल गई; जेब खाली है माँझी को क्या दूँ कि नैया पार लगा दे)।

सांसारिक बन्धनों से मुक्त होकर लल अपने इष्ट के अन्वेषण में बरसों लगी रही। विरहाग्नि ने इसे जोगन बना दिया, वह जंगलों, निर्जनस्थानों, कन्दराओं और बस्तियों में आवारा की भांति विचरन करने लगी। देह के प्रति अचेत, न वस्त्र की चिन्ता न उदरपूर्ति की सुध, नंग–धड़ंग, दीवानी भावातिरेक से उन्मत्त, गाती और नाचती रहती। तोंद धीरे–धीरे लम्बित होकर गुह्यांग पर आवरण का काम करने लगी। इसी उन्मत्त अवस्था में जब लोग उसे दीवानी कहते थे वह वैराग्य की पराकाष्ठा पर पहुँच चुकी थी और उसकी जिज्ञासा की तीव्रता, आत्मानुभूति की गहनता की रागिनी 'वाखों' के रूप में ढलने लगी। यही 'वाख' आज कश्मीरी कविता के उद्गम स्वीकार किए जाते हैं। इनके विषय–वस्तु के द्वारा वह व्यक्तित्व सामने उभर कर आता है जिस पर तत्वज्ञान और आत्मबोध के रहस्य प्रकाशित हो चुके हों, जिस में ज्ञान और चेतना की न बुझने वाली ज्योति झिलमिलाती हो। लल ने अपने गुरु सिद्ध

श्रीकंठ से जो गुरु–उपदेश पाया था, उसके अनुरूप ही लल ने अपने लिए एक नया मार्ग निर्मित किया। अपनी दीवानगी और उन्मत्तता का रहस्योद्‌घाटन अपने एक 'वाख' में यूँ करती हैंः–

'ग्वरन दोपनम कुनुय वचुन न्यॆबरु दोपनम अन्दर अचुन,
सुय हा मालि गोम वाख तु वचुन तवय ह्योत मे नंगय नचुन'

(मेरे गुरु ने मुझे उपदेश दिया, कहा बाहर की दुनिया से मन की दुनिया में चली आओ, इसी उपदेश ने मेरी काया पलट दी और मैं उर्यान (निर्वस्त्र) होकर नाचने लगी)।

लल ने अपने तत्वज्ञान और आत्मबोध की प्राप्ति से पूर्व सिद्‌ध श्रीकंठ के अतिरिक्त कई ब्राह्मण विद्‌वानों से आध्यात्मिक सत्संग किए। तत्वान्वेषण और तीव्रजिज्ञासा को ज्ञान की भट्‌ठी में तपाकर कुन्दन बना दिया। अपने अन्तःकरण की शुद्धि, त्याग और सत्य के बल पर अध्यात्म की सर्वोच्च अवस्थाएं प्राप्त कीं यहां की तक कि अपने गुरु से जो शैवदर्शन का प्रकांड विद्वान् था कई प्रकार से आगे बढ़ गई और कई अवसर ऐसे भी आए जब गुरु को अपने शिष्य के आगे निरुत्तर होना पड़ा। इन्ही दिनों, जैसा कि पहले निर्देश किया है, लल का साक्षात मुसलमान विद्‌वानों, ज्ञानियों और धर्म–गुरुओं से हुआ जिन में सैयद जलाल–उद्दीन बुख़ारी, सैयद हुसैन समनानी, सैयद मीर अली हमदानी जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम मुख्य हैं। इन से आध्यात्मिक वार्ताएं हुई। इनके साथ साक्षात होने से संबंधित कई आख्यान प्रचलित हैं जिनका यहाँ औचित्य नहीं है, परन्तु यह बात स्वीकार करनी पड़ेगी कि इन साक्षात्कारों में बहुत सी बातों का खंडन–मंडन हुआ। लल ने बार–बार अपने वाखों में अपनी मान्यताओं की व्याख्या की है। उन्हें न मूर्ति पूजा पर विश्वास था और न वह अन्धविश्वास पर श्रद्‌धा रखती थी। वह पर्व और निरर्थक रीति–रिवाजों के विरुद्‌ध थीं। उसका सबसे बड़ा ध्येय शिव अर्थात ईश्वर की खोज थी और उसके बाद उसी में लय होने की उत्कंठा। वह इस संसार से निकल कर मुक्ति प्राप्त करना चाहती थी। वह साधना की उस अवस्था पर पहुँच चुकी थीं जहां हिन्दू और मुसलमान, रूप और जाति, कुल और कुटुंब का कोइ भेदभाव नहीं। सबसे बड़ी सम्पत्ति अपने आप को पहचानना है और इसी से शिव (ईश्वर) को पाया जा सकता है, इसी लिए कहती हैंः–

शिव छुय थलि थलि रोज़ान
मो ज़ान ह्योन्द तु मुसलमान।
त्रुकय छुख तु पननुय पानज़ान
अदु छय साहिबस सुत्य ज़ॉनी ज़ान।।

(शिव अल्लाह) हर जगह मौजूद है, और

हिन्दु–मुसलमान के भेद–भाव से परहेज़ कर, अगर बुद्धिमान है तो अपने आप को पहचान, जभी ईश्वर की पहचान होगी)

लल ने अपने आध्यात्मिक अनुभवों की अभिव्यक्ति के लिए पद्य का माध्यम अपनाया, यह माध्यम उनके 'वाख' हैं और इनसे ही कश्मीरी भाषा की कविता का सही अर्थों में प्रारंभ होता है। लल की आध्यात्मिक प्रतिष्ठा से पृथक जब हम उनकी कविता पर दृष्टि डालते हैं तो ज्ञात होता है वह एक महान कवयित्री हैं, उसके समीप न कोई परम्परा थी न प्रयोग और न प्रतिमान, फिर भी वह भावाभिव्यक्ति और प्रभावित करने में दक्ष थीं। लल की भाषा उसके समय की कश्मीरी जनभाषा है। उसमें वर्णन का सौन्दर्य और सत्यकी अभिव्यक्ति के प्रमाण हैं, जिस कारण उनके वाख लोक सामान्य में प्रचलित हैं। लल नवीन उपमानों से सुन्दर बिम्बों का निर्माण करती हैं और इन बिम्बों के द्वारा अनेक अर्थों का प्रतिपादन होता है। ये प्रौढ़ और अर्थवान वाख जीवन की कितनी ही कठिनाइयों के लिए समाधान के द्वार खोल देते हैं और अन्धविश्वासों और पूर्वाग्रहों के घोर अन्धेरों में खोये हुए व्यक्तियों को प्रकाश–मार्ग की दिशा बताते हैं। लल त्रिक दर्शन की ज्ञाता हैं उनके समीप अल्लाह और ईश्वर एक हैं इस लिये वह कट्टर ब्राह्मणों और कट्टर मुल्लाओं के भ्रमजाल के ताने–बाने को काट कर मनोजगत में जीवन रहस्य का निर्देश देती हैं। पूजा–पाठ, मन्दिर–मस्जिद, तीर्थ, खाऩकाह आदि धर्म के दिखावे मात्र हैं, इन से ज्ञान और बोध के गन्तव्य शायद ही मिल सकें। वास्तविक ज्ञान जो अन्तर का प्रकाश है, आत्मा की पहचान है जहां से अखंड प्रकाश में लय होने का मार्ग दिखने लगता है। कहती हैं:–

गगन चॖय बूतल चॖय
चॖ छुख द्यन पवन तॖ राथ
अरॖग चंदुन पोश पोन्य चॖय
चॖय छुख सोरुय लॉग्य ज़ि क्याथ

(मेरे आराध्य, तुम ही आकाश, हवा और तुम ही पृथ्वी हो, तुम ही दिन और तुम ही रात हो, तुम ही चंदन और फूल और पानी हो तुम ही सब कुछ हो, मैं तुम्हारी पूजा में क्या चढ़ा दूँ।)

लल्लेश्वरी ने किसी सम्प्रदाय की नींव नहीं डाली। उनका न कोई अनुयायी था और न शिष्यों की कोई टोली परन्तु उन्होंने जिस दर्शन और सन्देश को लोगों तक पहुँचा दिया उसकी जड़ें दूर–दूर तक फैल गयीं। लल कश्मीरी साहित्य में एक प्रवर्त्तक का सा स्थान रखती हैं। इस लिए अपनी आध्यात्मिकता से पृथक इनका साहित्यिक व्यक्तित्व भी सदा स्वस्थ एवं पुष्ट रहेगा।

लल ने लम्बी आयु पाई। उनके जन्मकाल की भांति ही उनका निधन भी

साहित्यकारों में मतान्तर का विषय रहा है। सोफ़ी का विचार है कि लल ने आयुकी अन्तिम अवस्था में इस्लाम धर्म स्वीकार किया था (धर्मान्तरण किया था)12 उनकी मृत्यु की चर्चा करते हुए लिखते हैं:–

"लल का काफ़ी वृद्धावस्था में बिजबिहाड़ा में निधन हो गया जो श्रीनगर के दक्षिण–पूर्व में अठ्ठाईस मील की दूरी पर है। जामा–मस्जिद के दक्षिण–पूर्वी कोने पर आज भी इनके मज़ार की निशांदिही की जाती है"13

परन्तु लल के धर्मान्तरण करने का प्रमाण किसी भी ऐतिहासिक या अर्द्ध–ऐतिहासिक लेख में नहीं मिलता। इतिहासकार हसन लल की मृत्यु का वर्णन इन शब्दों में करते हैं:–

"इतिहासकारों में से कोई भी इनकी मृत्यु के बारें में विश्वस्त नहीं। प्रसिद्ध है एक दिन बिजबिहाड़ा की जामा–मस्जिद की दीवार के नीचे बैठी थी और अचानक आग के शोले की तरह चमक उठी और यह शोला (ज्योति) फज़ा (आकाश) में ऊपर जा कर नज़र से ग़ायब (अदृश) हो गया। इसके बाद लल आरिफ़ा को किसी ने नहीं देखा।"14

आज़ाद ने अपनी पुस्तक 'कश्मीरी ज़बान और शायिरी' में मुहमद दीन फ़ोक से उद्धृत इस विषय में यूँ लिखा है:–

"अंग्रेज़ भाष्यकार उसकी मृत्यु की चर्चा करते हुए लिखता है कि जब उसकी आत्मा उसके भौतिक शरीर से निकली तो वह एक अग्निशिखा की तरह भड़की और पवन की भांति शरीर से निकल कर अदृश हो गई। यह घटना बिजबिहाड़ा में घटी। लेकिन उसका (भौतिक) शरीर कहां गया इसके संबंध में अंग्रेज़ भाष्यकार भी मौन है।"15

सोफ़ी की पुस्तक में जिस मक़बरे का कथन हुआ है अंग्रेज़ भाष्यकार के यहां उसका कोई निर्देश नहीं है। अन्य इतिहासकार भी इस विषय में मौन हैं। इनका निधन भी आख्यानों में लिपटा हुआ मिलता है। कहा जाता है कि लल एक बड़े मिट्टी के बर्तन में समा गयीं और दूसरा बर्तन अपने सिर पर रखा। इसके बाद दो बर्तनों के मध्य अपने आपको छिपा लिया। थोड़े समय के बाद जब बर्तन हटाया गया हो वहां कुछ भी नहीं था। इस तरह लल द्यद अपने आराध्य के साथ जा मिलीं।

प्रोफ़ेसार जयलाल कौल लिखते हैं:–

ललद्यद अपने पीछे कोई चिह्न छोड़े बिना स्वर्गवासी हो गई। आश्चर्य की बात है कि इनकी अन्तिम विश्रामस्थली पर कोई समाधि निर्मित हुई है और न कोई मक़बरा" प्रोफ़ेसर कौल ने स्वर्गवासी होने के समय लल द्यद की आयु लगभग इकहत्तर (71) वर्ष की बतायी है और मृत्यु का समय 1388 और

1399 के मध्य का कोई समय बताया है। लल द्यद के महान व्यक्तित्व के चहुँ ओर रहस्यात्मकता का ऐसा मंडल निर्मित किया गया है कि उससे उसका अस्तित्व आख्यान में बदल गया है पर वास्तविकता यह है कि लल एक जीवन्त और अमर सत्य है और कश्मीर को इनका मंगल दायक व्यक्तित्व का सदा गर्व रहेगा।

---

1. द्यद (कश्मीरी) उर्दू में 'देद' लिखा जाता है। इसका अर्थ 'माँ' है अतः ललद्यद का अर्थ लल माँ है। कश्मीर में लल योगिनी को इसी नाम से स्मरण किया जाता है।
2. Kashur Samachar (Lal Ded Number 1970-71) page 13.
3. तारीखे हसन (तज़किर–ए–औलिया–ए कश्मीर) तीसरा भाग पृ० 447
4. R.K. Parimoo :- History of Muslim rule in Kashmir P. 107
5. G.M.D. Sufi :- Kashir Vol. II P. 385
6. P.N. Bazaz:- Daughters of Vitastá P. 126
7. हमारा अदब, मशाहीर नम्बर (1976–77) पृ. 16
8. P.N.K. Bamzai :- A History of Kashmir - P. 359
9. J.L. Kaul :- Studies in Kashmiri P. 177
10. ललद्यद पृ० 7
11. P.N. Bazaz : Daughters of Vitasta P. 127
12. Sufi : Kashir Vol. II P. 385
13. वही
14. तारीख–ए–हसन (तज़किर–ए–औलियाय–ए–कश्मीर) तीसरा भाग पृ 349
15. कश्मीरी ज़बां और शायिरी खंड दो – पृ 125–126.

हे अर्जुन मेरा जन्म और कर्म दिव्य हैं, इस प्रकार जो तत्त्व से जानता है वह शरीर को त्याग कर फिर जन्म को नहीं प्राप्त होता है, वह मुझे प्राप्त होता है।

गीताः अध्याय 4, श्लोक 9

# अस्तित्व का संकट

महाराज कृष्ण संतोषी

सांसारिक बंधनो के बीच जब मनुष्य स्वयं को बेसहारा और अकेला अनुभव करे तो अस्तित्व का संकट प्रकट होता है। इस संकट से मनुष्य के सोच की दिशा बदल जाती है और वह अपने जीवन की सार्थकता तलाशने लगता है। यह तलाश उसे आध्यात्मिक साहित्य की ओर ले जाती है और वह मनन–चिंतन में निमग्न हो जाता है।

भक्त कवियों ने गहराई के साथ अस्तित्व के इस संकट को अनुभव किया है और अपनी काव्य–अभिव्यक्ति का विषय बनाया है। लगभग सभी भक्त कवियों ने जीवन के इस अनुभव को विविध प्रकार से अभिव्यक्त किया है। सूर, कबीर, तुलसी और नानक जैसे भक्त कवियों ने निवेदनात्मक शैली में अस्तित्व के संकट से प्रसूत निरर्थकता–बोध को चित्रित किया है महाकवि तुलसीदास के निवेदनात्मक पद इस दृष्टि से अद्‌भुत हैं। यूँ उनकी काव्य प्रतिभा प्रबन्धकाव्यों में निखरी जिस का प्रमाण उनका 'रामचरितमानस' है लेकिन उन के स्वतंत्र पद विनयपत्रिका में संकलित हैं जो रामचरितमानस के बाद उनका दूसरा महत्वपूर्ण ग्रंथ है।

निजत्व को वाणी देता उनका यह ग्रंथ अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मनुष्य अपने आचरण से चरित्र का निर्माण करता है। जब मनुष्य को यह बोध हो जाए कि उसका आचरण निकृष्ट है तो उसे यह महसूस होता है

'लाभ कहा मानुष तन पाये
काय–बचन–मन सपनेहुं
कबहुंक घटत न काज पराये'

म्नुष्य को यह जो दुर्लभ जीवन मिला है, उसका सम्मान करते हुए उसे इस जीवन को उत्थान की दिशा में ले जाना चाहिए था लेकिन वह मृगतृष्णाओं के पीछे–पीछे दौड़ कर अपने जीवन को अधम बना देता है। तुलसीदास कहते हैं:

"काहे को फिरत मूढ़ मन धायो।
तजि हरिचरन–सरोज–सुधा–रस
रबिकर–जल लय लायो"

भक्त कवि जीवन की नश्वरता का अनुभव जिस शिद्दत को साथ करते हैं, वह अस्तित्व के संकट का दूसरा सोपान हैं। इस सोपान पर खड़ा कवि 'मानुष तन पाये' लोगों से सम्बोधित होकर बार–बार यही कहता है।

"मन पछितैहै अवसर बीते।
"दुर्लभ देह पाइ हरिपद भजु,
करम बचन अरु हीते
सहसबाहु दसबदन आदि नृप बचे न

काल बली ते।

हम हम करि धन–धाम संवारे,

अंत चले उठि रीते'' ।

इस पद में जीवन के सत्य का निचोड़ है। चाहे कोई कितना भी 'बली' हो या 'धनी' होने का अहंकार लिए स्वयं को असाधारण माने लेकिन अंत में उसे रिक्तता के सिवा कुछ अनुभव नहीं होता। पुत्र, स्त्री, मित्र तथा परिजन अपने स्वार्थ से कुछ दूर तक उसका साथ ज़रूर देंगे लेकिन आखिर में सब उसे त्याग देंगे। विषयभोग का जीवन रसयुक्त तो होता है लेकिन उसका परिणाम भीषण होता है। संत कवि इसी का बोध कराके मनुष्य को सुपथ पर लाना चाहता है ताकि 'दुर्लभ मानुष जन्म' व्यर्थ न बीत जाए। पर दुखद स्थिति यह है कि मनुष्य को ''मेरे–तेरे'' की भेदबुद्धि जब तक रहेगी तबतक शुद्ध अंतःकरण से वह प्रभु में चित्त को लीन नहीं कर सकता।

तुलसीदास कहते हैं

''द्वैत मूल, भय सूल, सोक फल

भवतरू टरै न टार्‌यौ

राम भजन–तीछन कुठार लै सों

नहि काटि निवार्‌यो'' ।।

अर्थात –

संसार वृक्ष है

भेद–बुद्धि इसकी जड़ें है

विभिन्न भय इस के कांटे हैं

और दुख फल है'

यह संसार रूपी पेड़ तब तक हर उस मनुष्य को जो 'हरि विमुख' है दुख रूपी फल देता रहेगा। ईश्वर–स्मरण की कुल्हाडी से ही वह 'भेद–बुद्धि रूपी जड़ें' काट सकेगा।

तुलसीदास रामचरितमानस में राम नाम स्मरण की महिमा को भगवान राम से भी बढ़कर मानते हैं वह कहते हैः–

'राम एक तापस तिय तारी

नाम कोटि खल कुमति सुधारी'

अस्तित्व का संकट आस्तिक और नास्तिक दोनों के जीवन में आता है क्योंकि इस का कारण मनोवैज्ञानिक है और इसके निवारण के उपाय भक्त कवियों ने अपनी अपनी वाणी में सुझाए है। जो इस संकट के मूल को समझेगा उसके लिए इस संकट से उभरना कठिन नहीं है। लेकिन ऐसे भी मनुष्य हैं जिन्हें लगता है–

''तांबें–सो पीठि मनहुं तनु पायो''

अर्थात अरे जीव! तूने तांबे से मढ़ा हुआ शरीर पाया है। तभी नश्वर शरीर को अमर मान कर भोग–विलास से विलग नहीं हो रहा है। ऐसे लोगों के लिए तुलसीदास कहते हैं कि वे अपने सार में केले के पेड़ के समान होते हैं।

# भारतीय संस्कृति को कश्मीरी पण्डितों का योगदान

प्रो० चमन लाल सप्रू

कश्मीरी ब्राह्मण उपाख्य पंडित हिमालय की गोदी में बसी कश्मीर घाटी की अन्य जातियों से भिन्न कुछ भिन्न रक्त, परम्पराओं और चिन्तन के लोग हैं। मोनियर विलियम्स ने अपनी उल्लेखनीय पुस्तक Modern India and Indians में लिखा है: "कश्मीरी पंडित अपने ढंग की एक भिन्न जाति है, जो कश्मीर में अति प्राचीन एवं प्रथम बसने वाली विशुद्ध आर्य प्रजाति के लाग हैं।" जार्ज कैम्पबेल के अनुसार "कश्मीरी ब्राह्मण आर्यों की श्रेष्ठ नसल हैं। इनका शरीर विन्यास–गौर वर्ण एवं सुडौल सुंदर शरीर रचना और किसी अन्य जाति के खून की मिलावट से सर्वथा मुक्त है।" थाम्पसन के अनुसार आर्य लोग बड़े भाल एवं छोटी नाक वाले गोरे वर्ण वाले थे। उनके वर्तमान प्रतिनिधि (वंशधर) आज कश्मीर में मिलते हैं। विख्यात इतिहासकार पी.एन.के. बामज़ाई के अनुसार – "यह निश्चित है कि कश्मीर के आर्य प्राचीन समय में सरस्वती नदी के तट पर बड़े जनसमुदाय का ही भाग हैं। जब उक्त नदी ने अपनी दिशा में परिवर्तन किया और यह सूख गई ये लोग कश्मीर में आकर बस गए।"

इस प्रकार कश्मीरी ब्राह्मणों के पूर्वजों ने प्रकृति की इस रम्य स्थली को ज्ञान की स्थली बनाया। संस्कृत साहित्य का अध्ययन करने के पश्चात हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कश्मीर का संस्कृत बाङ्मय और भारतीय संस्कृति को उल्लेखनीय योगदान रहा है।

<u>इतिहास लेखन</u> में कश्मीर का स्थान सर्वोपरि है। कल्हण पण्डित रचित राजतरंगिणी (1148 ई.) ने आरम्भ से बारहवी शताब्दी तक का इतिहास लिखा। तदनन्तर राजतरंगिणी शृंखला को जोनराज, श्रीवर, प्राज्ञभट्ट और शुक ने सोलहवीं शताब्दी के अन्त तक पूरा किया। डोगरा शासन काल में महाराजा गुलाब सिंह से लेकर महाराजा हरि सिंह तक की राजतरंगिणी प्रो. गोविन्द राज़दान ने लिखी। उपर्युक्त इतिहास ग्रंथों से न केवल कश्मीर नरेशों तथा उनके समय की विशद जानकारी मिलती हैं अपितु भारत देश के अन्य भागों के घटनाक्रमों की भी जानकारी प्राप्त होती है।

<u>काव्यशास्त्र</u> विषयक सिद्धांतों के प्रतिपादन में कश्मीर के विद्वानों का विशेष स्थान है। अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य भामह (काव्यलंकार), रीति संप्रदाय के प्रवर्तक आचार्य वामन (काव्यालंकार

सूत्रवृति), ध्वनि सिद्धांत के प्रवर्तक आनन्दवर्धनाचार्य (ध्वन्यालोक), वक्रोक्ति सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य कुन्तक (–वक्रोक्ति जीवित), औचित्य सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य क्षेमेन्द्र (औचित्य विचार चर्चा) भारतीय काव्यशास्त्र के विद्वानों के चिरपरिचित हैं ही, इसके अतिरिक्त अलंकारसारसंग्रह के प्रणेता–आचार्य उद्भट्ट काव्यालंकार के रचयिता–आचार्य मम्मट, अलंकासर्वस्व वं साहित्य–सीमक्षा के रचयिता आचार्य रुय्यक, व्यक्तिविवेक के रचयिता–आचार्य महिम भट्ट आदि की देन भी कालजयी है।

भरतमुनि के नाट्शास्त्र पर आचार्य अभिनवगुप्त ने अभिनव भारती नाम से इसकी विशद टीका लिखी।

वस्तुकला कश्मीर में हिंदू–शासन काल में बने प्राचीन अनुपम मन्दिरों के अवशेष आज भी उनकी भव्यता का आभास कराते हैं। इनमें विश्व प्रसिद्ध मार्त्तण्ड मन्दिर, अवन्तेश्वर मन्दिर (अवन्तिपुर), पट्टन और परिहास पुर के मंदिर, इसके साक्ष्य हैं। मंदिरों के साथ विद्यापीठ तथा पुस्तकालय होते थे। इनका संचालन विद्वान कश्मीरी ब्राह्मणों के हाथ में होता था। इन सभी अवशेषों का वर्णन पंडित रामचन्द्र काक की विश्वविख्यात पुस्तक Ancient Monuments of Kashmir में सचित्र सविस्तार दिया गया है। वास्तु–शिल्प की दृष्टि से कश्मीरी ब्राह्मणो की देखरेख में बने सभी भव्य मन्दिर विश्व की अमूल्य धरोहर है। खेद है कि उनकी यथोचित देखभाल नहीं हो रही है।

उपर्युक्त सभी मन्दिरों में प्रतिष्ठित मूर्तियाँ कश्मीरी कला की अनुपम धरोहर हैं – जो या भग्न अवस्था में संग्रहालयों में हैं – या किसी किसी मन्दिर में सुरिक्षत हैं। अवन्तिस्वामिन मन्दिर की एक ऐसी ही भव्य मूर्ति श्रीनगर के राज परिवार के निजी गदाधर मंदिर में मौजूद है।

इसी प्रकार कश्मीरी ब्राह्मण चित्रकारों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस्लामी शासन के समय अनेक कश्मीरी पंडित चित्रकार हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में बस गए। पहाड़ी चित्रकला अथवा बसोहली पेंटिंग्ज़ के नाम से प्रसिद्ध ऐसी दुर्लभ कलाकृतियाँ कश्मीरी ब्राह्मणों की तूलिका से ही बनी हैं।

इस्लामी शासनकाल में कश्मीरी ब्राह्मण अपनी संस्कृत भाषा के साथ–साथ राजभाषा फारसी में भी पारंगत थे। अनेक विद्वानों ने मुसलमानों की धार्मिक भाषा अरबी में भी दक्षता प्राप्त की। कुछ विद्वानों के अनुसार हमारे वंश का 'सप्रू' नाम सेह–परु अर्थात् तीन भाषाओं के पण्डित होने के कारण पड़ा। जो संस्कृत, फ़ारसी और अरबी थीं।

कश्मीरी पण्डितों में पण्डित बीरबल क़ाचरू द्वारा रचित 'बहरे–तवील' फ़ारसी साहित्य का अनमोल ग्रंथ है। इसी प्रकार उर्दू साहित्य को सम्पुष्ट करने में कश्मीरी पंडितों का अद्वितीय योगदान हैं। एक विख्यात उर्दू प्रोफ़ेसर ने मुझसे कहा था यदि उर्दू साहित्य से कश्मीरी पंडितों द्वारा रचित साहित्य को निकाल दिया जाए तो मा सिवाय ग़ालिब इक़बाल, हाली और मीर आदि चन्द एक शोरा के बगैर उर्दू अदब में क्या रखा?

उर्दू अदब में जिन कश्मीरी पण्डित साहित्यकारों का नाम सर्वोपरि है वे हैं – पण्डित रतननाथ दर 'सरशार', पंडित ब्रज नारायण 'चकबस्त', पण्डित दयाशंकर 'नसीम', पंण्डित ब्रजमोहन दत्तात्रेय 'कैफ़ी', पण्डित आनन्दनारायण मुल्ला (मल्ला) पण्डित गुलज़ार देहलवी आदि आदि। वर्ष 1926 में पण्डित (सर) तेजबहादुर सप्रू के निर्देशन में 'बहार–ए–गुलशन–ए–कश्मीर' दो वृहत खण्डों में लखनऊ से कश्मीरी पण्डितों के उर्दू साहित्य को योगदान पर सचित्र ऐतिहासिक ग्रंथ छपा था।

कश्मीरी साहित्य को लल्लेश्वरी (लल्लद्यद), रूप भवानी, अरनिमाल, परमानंद, कृष्ण जू राज़दान, पंडित ज़िंदा कौल 'मास्टर जी', पंडित दीनानाथ 'नादिम' का योगदान उल्लेखनीय है।

हिंदी साहित्य में कश्मीरी पंडितों के योगदान का काल सात दशक पुराना हैं। कवियों में डॉ. शशिशेखर तोषखानी और कहानीकारों में हरिकृष्ण कौल, नाटककारों में पद्‌मश्री मोतीलाल क्यमू एवं उपन्यासकारों में चंद्रकांता का नाम सर्वोपरि है। चंद्रकांता को हिंदी जगत का सर्वोच्च 'व्यास–सम्मान' मिला है। पत्रकारिता में हिन्दी दैनिक जनसत्ता के उपसम्पादक जवाहरलाल कौल, दैनिक 'कौमी आवाज़' (उर्दू) के मुख्य सम्पादक मोहन चरागी इंडियन एक्सप्रेस के संपादक एस. सप्रू नेशनल हेराल्ड के संपादक एं. एन. दर हिन्दुस्तान टाईम्स के एम. के. धर, और एम. के तिकू आकाशवाणी के समाचार सम्पादक – मनोहर त्रकरू एवं जी. एन. रैना आदि उल्लेखय हैं। इन पंक्तियों के लेखक ने हिन्दी में 'कश्यप' 'सतीसर' का कश्मीर से संपादन किया और विस्थापन के बाद –कोशुर समाचार' का संपादन करके कश्मीर की हिन्दी प्रतिभा को आगे लाने में अपना कर्तव्य निभाया। 'हिन्दी–कश्मीरी संगम' ने अपनी पत्रिका (कश्मीर संदेश) का मुख्य सम्पादक भी इन पंक्तियों के लेखक को ही चुना।

राजनीति में पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा प्रियदर्शिनी, पण्डित (सर) तेजबहादुर सप्रू, पण्डित कैलाशनाथ

काटजू, पण्डित मोतीलाल नेहरू, पण्डित हृदयनाथ कुंजरू, पण्डित दुर्गा प्रसाद दर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

फिल्मी दुनिया में चन्द्र मोहन, प्रेम अदीब, एक.के. हंगल, सप्रू तथा अनुपम खेर का नाम लिया जा सकता है।

अंग्रेजी शासन में कोलकता हाई कोर्ट के प्रथम मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शम्भुनाथ पंडित कश्मीरी थे।

बहुत कम लोग जानते हैं – 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' के रचयिता महाकवि इक़बाल के पूर्वज भी कश्मीरी ब्राह्मण थे और उन्हें इसका गर्व था, ऐसा उन्होंने अपनी पुस्तक में लिखा है:– 'मैं सप्रू खानदान का हूँ और मुझे कश्मीरी ब्राह्मण होने का गर्व है।' उनके पड़दादा ने एक मुस्लिम सुंदरी के प्रेमपाश में पड़कर इस्लाम धर्म स्वीकार किया था।

---

# भगवान भक्त के बस में

प्रो० ओं०एन० च्रंगू

एब बार हिमालय पर्वत पर विचरते विचरते नारद मुनि कैलास पर्वत पर, महादेव तथा पार्वती के दर्शन को पहुंचे और नारायण नारायण पुकारते महादेव से प्रार्थना की, हे! भगवन मैंने हर जगह ढूँढा पर श्री हरि के कहीं दर्शन ही नहीं हुए, प्रभु: यह कैसी लीला है ईश्वर की, महादेव बोले, हे मुनि श्रेष्ठ, क्या आपको याद नहीं, भगवान श्री ने आप को कई बार बोला था, "यत्र गायन्ति मद्भक्ता तत्र तिष्ठामि नारद" अर्थात जहां भी मेरा भक्त मुझे पुकारता रहता है, मैं वहीं पर होता हूँ। वह देखो प्रथ्वी पर नारायण मन्दिर में क्या हो रहा है, नारद मुनि ने जब नज़र प्रथ्वी पर डाली, क्या देखा, कि एक मन्दिर के पास एक द्रष्टिहीन साधु अपना चिमटा बजाते बजाते गा रहा है।, "भज मन नारायण--नारायण--नारायण" और श्री हरि एक बालक के रूप में उसके सामने बैठे उसे दूध और रोटी खिला रहे हैं, अन्धे साधू ने कहा, कौन हो तुम, इतनी स्वाद वाली रोटी कहां से लाये हो यहां लोग फल लाते हैं, रोटी–भोजन नहीं, तुम्हारी छोटी–छोटी अंगुलियां, लगता है तुम यहीं आस पास के गांव से आये हो, मेरा पेट भर गया, अब जाओ, मैंने इतना खाया कि दो दिन तक भूख ही नहीं लगेगी।

महादेव ने फिर नारद जी से कहा, हे मुनि श्रेष्ठ! मैंने कईं बार आपसे कहा है:– यत्र गायन्ति मद् भक्ता, तत्र तिष्ठामि नारद!

# शुद्धविद्या

## भगवान गोपीनाथजी ट्रस्ट
## कॉशुर बोग

मुद्रक तु प्रकाशक : एम० के० तिक्कू

सम्पादक: पृथ्वी नाथ कौल "सायिल"
सहस्पादक : प्यारे 'हताश'

भगवान गोपीनाथजी ट्रस्ट

वरी - ८ शुमारु - २ सितम्बर २०१३ ई०


## यथ शुमारस मंज़

अदारियि तु ''मन दर्पणुक'' तबसुर

# छ़ंडुन तु छ़ांडुन

पृथ्वीनाथ कौल 'सायिल'

मन-दर्पण (हिन्दी कविता संकलन) - कवि महाराज कृष्ण

यि छु येमि सम्सारुक सु आज़मूद युस यि सम्सारुक व्यवुहार पकुनावनु खॉतरु अमलावुन स्यठुहुय ज़रूरी छु। प्रथ कदमस प्यठ छु मनुशस कँह प्रावनु बापथ छ़ॉन्ड तु छ़ॉर करुन्य् दरकार। वुछिव छ़ान्डि तु छ़ारि नय आदम कॉम हेयि, सु नय आंचि कुन पॅकिथ हेकि। येली कांह छ़ारि छ़ांडि तेलि लबि तु प्रावि। सु परन लेखन वोल शॉगिर्द ऑस्य्तन, सु कांह शष ऑस्य्तन, सु तर्बियत प्राप्त करन वोल ऑस्य्तन, ज्योतिष या फलसफी ऑस्यतन। साधक ऑस्य्तन या तपज़प करन वोल या सु कलाकार ऑस्य्तन। अमि वरॉय हेकि नु कांह ति पनुन मॅन्ज़िल तु मकाम हॉसिल कॅरिथ तु यि अमल छे येति तति पनुन आसुन द्रेंठुनावान। योदवय छ़ंडुनस तु छ़ांडुनस कामयॉबी हुंज़ कुंज़ तु वथ वनव, बजा छु।

कॉशुर अख दोप छु ''मोत लॉगिथ सालु बतु ख्योन''। मे ओस यि अकसर बूज़मुत मगर अज़ लोब मे नोन तु प्रोखुट सु जानानु युस पॉन्य् पानु पनुन्यव कारनामव सुत्य अमि दॅपित्युक अमली सोबूत ह्यथ मंज़ मार्कस, बॅ बांगि दुहुल, कुनि हुनु द्रनु वरॉय, बड़ु बेबॉकी सान पनुन अमली प्रोग्राम हॅच्य चॉटिथ तॅहरीर छु करान। पेठ्य पेठ्य वुछोन तु यि छु पूर चबाचोर, ॲन्दरून वुछोस तु यि छु त्युथ ज़ि ऑनस हय मल आसि तु ॲमिसनु रछ़ ति। यि छु ॲन्दरु नेबरु ह्युवुय।

न यि फुरु तु न फुर करनुक शौकीन। न यि कॉन्सि हुन्ज़ि न्वक्तु चीनी हुन्द वायि बरन वोल। यि पनुनिसुय आलमस मंज़ हरनुनि छ़ालु मारान। यि पनुन्य्न अमारन तु अर्मानन हुन्द पूरुयर छ़ांडन वोल छु मांछ तुलरि हंद्य् पॉठ्य

रंगाबुरॅन्य् पोशन प्यठ बिहिथ व्यूर तुलान। यि छु तिमन तु तिछ़न जायन वातान यैति ॲमिस अख रछ़ ति अथि यियि। यि छु तिमन मंडुजन तु मॅहफिलन मंज़ हॉज़िर सपदान यैति ॲहन्दि मिज़ाज़ुक्य मसलु व्यछ़नावनु यिवान आसन। तिक्याज़ि तति छु यि कैंछ़ा प्रॉविथ ह्यकान। न ज़ांह ड्यकस द्रहुय, न नारॉज़्य सपदनुच त्राय तु न हदु रॅस खोशी हुन्द्य् अनुहार। बु छुस नु कांह फलसफु दगान, बु छुसनु कांह संजीदु मसलु ॲज़ुरावनुच कल करान। मे छु यिम सॉरी अनुहार तु खदुखाल व्यछ़ुनॉविथ अख स्व मूर्त पर्दव मंज़ु नॅन्य् कॅडिथ अख शॉयिस्तु फर्द तु दॉनिशवर म्वलुनावुन तु तॅसुंद्यन कारनामन हुंज़ मूलु ऑन्कुवन करनु बापथ ऑहदं अख तखलीकी कारनामु चोरमुत। अथ कारनामस छु नाव "मनु दर्पण" - जनाबव यि छे अख शारु सोम्बरन य्वस हिन्दी ज़बॉन्य मंज़ छे तखलीक करनु आमुच़ तु म्यानि सारि बावॅच़ हुंद किरदारुय छु अम्युक तखलीककार शॉयिर - व्वन्य दॅपिव तोह्य तसुन्द नाव - जनाबव सुय गव म्योन जानानु - म्योन "महाराज कृष्ण"।

जनाब ॲम्य् शख़्सन थोवुस बु सख तशनु ज़ि रस्मी तौर लबुहन बु यि महाराज कृष्ण हय छु तु कत्युक छु। गर माहोल बेतरि क्युथ छुस। तम्युक ज़िक्रि खॉरा लोबुम नु वुनि कुनि। मे निश वाचु यिहन्ज़ु सिर्फ त्रे किताबु यैलि ज़न यिमव वुनिस ताम काह (11) तसनीफु बाज़र कजि मचु छि। यिमन हुन्द तफसील बु यिथु कॅन्य् पेश करु:-

1 1971 ई० मंज़ 'मेरी आवाज़' (हिन्दी ज़बॉन्य मंज़)
2 1971 ई० मंज़ 'मेरी आवाज़' (उर्दू ज़बॉन्य मंज़)
3 1972 ई० मंज़ 'मेरे गीत नग़्मे' (उर्दू ज़बॉन्य मंज़)
4 1973 ई० मंज़ 'नग्म-ए-दिल' (उर्दू ज़बॉन्य मंज़)
5 1975 ई० मंज़ 'शोल-ए-दिल' (उर्दू ज़बॉन्य मंज़)

6 1980 ई० मंज़ 'जोश-ए-दिल' (उर्दू ज़बॉन्य मंज़)

7 2004 ई० मंज़ 'Reflection' (अंग्रेजी ज़बॉन्य मंज़)

8 2006 ई० मंज़ 'जज़बा-ए-दिल' (उर्दू ज़बॉन्य मंज़)

9 2008 ई० मंज़ 'perceptions' (अंग्रेज़ी ज़बॉन्य मंज़)

10 2011 ई० मंज़ 'मन दर्पण' (हिन्दी ज़बॉन्य मंज़)

11 2012 ई० मंज़ 'शगूफा-ए-दिल' (उर्दू ज़बॉन्य मंज़)

महाराज कृष्ण छु चकि श्रीनगरुकुय रोज़नवोल। कश्मीर यूनिवर्सिटी मंज़ ओस 1971 ई० हिस्ट्री मंज़ एम.ए.करान। तमि ब्रोंठ छु यि साईन्सुक तालिबऑलिम ओसमुत। यिहुन्द वनुन छु यिम छिनु हिन्दी ज़बॉन्य हुंद्य सनदयाफतु विद्वान कैंह। अमापोज़ ऑलिमुचि प्रुती किन्य् छु यिमव हिन्दी ति पोरमुत। हिन्दीयी योत नु बल्कि छुख कम कासु संस्कृत, उर्दू तु फार्सीयस सुत्य् सुत्य् अर्बी ति पोरमुत। बॅड कथ छि यिम वनान ज़ि यिमनुय भाषायन हुन्दिसुय संगस मंज़ तु कॉशरिस वातावरणस तु बॉय बंधितिस मंज़ ब्योन ब्योन ॲकीदन हुन्दिस सायस तल, ज़बॉन्यन हुन्दिसुय रल मिलु असरस मंज़ छु यिमव हिन्दी ति पोरमुत ल्यूखमुत। योदवय यिम छि पनुनि इनकिसॉरी किन्य् कमकासु हिन्दी ज़ाननुक्य दावादार मगर यिहुन्ज़ु ज़ु हिन्दी तखलीकु 'मेरी आवाज़' तु यि 'मन दर्पण'। पॅरिथ छि परनवॉल्य् पानय यिहुन्दि हिन्दी ज़बान ज़ाननुक व्यचार करान। ज़ु शारु सोम्बरनु बाज़र कॅडिथ छु पानय यिहुन्ज़ि हिन्दी ॲलिमियॅच़ हुन्द पय पताह लगान। हिन्दी ज़बॉन्य हुंद युथ प्रेम ज़ि हिन्दीयस मंज़ यिथ्य शार वनुन्य् तु टारि खसुन्य् लायक गीत क्यो नज़्मु (कवितायि) वनुन्य् छेनु अनपढन हुंज कॉम कैंह। वुछतव येथ्य् सोम्बरनि मंज़ छिख (73) त्रुसतथ कवितायि, (18) गीत तु (24) गज़ल शॉमिल कॅर्न्यमत्य, यिम ॲकिस ख्वतु अख छि। मॉर्यमन्ज़ु शारु लयि छि ग्यवनि लायक। शोज़ तु आम

फ़ॅहम ज़बान वरतावुन छु फन। येम्युक यि थ्यकुन लायक फनकार छु। छेतु तेदादु किन्य् कवितायि (नज़्मय) ज़्यादु अमापोज़ त्रेशवुनी सिनफन हुंज़ छुस परिपूर ज्ञान।

महाराज कृष्ण छु पनुन अख ब्योन मिज़ाज़ थवान। न छस वाहवाहँ सुत्य चॉल्य् खसान। तु न छु दूष तु सुकुम बोज़नस प्यठ मंदछिय महसूस करान। यि युथ ग्वण छु बड्यन संतनुय बाग्य् यिवान। हावु बावस दिली खलाफ आसुन अम्ॅयसुन्द छु यिथु पाठ्य ननान। महाराज छुनु शायद ति कुनि गज़लि पनुनि नावुक ल्यखुत दिवान। ओप छुनु श्वद तु शोद छु। मे छु बासान महाराज कृष्ण छु असली महाराज।

